अनुक्रमांक .....  समय : 2.00 घण्टा

नाम .....  पूर्णांक : 50

# प्रश्न-पुस्तिका
# प्रथम सेमेस्टर – 2017
## (शिक्षण अधिगम के सिद्धान्त)

**निर्देश :**

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के निर्धारित अंक प्रश्न के सम्मुख दिये गये हैं।
2. इस प्रश्न-पत्र में तीन प्रकार के प्रश्न हैं। वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के सही विकल्प छाँटकर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखें। अति लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग तीस (30) शब्दों में, लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग पचास (50) शब्दों में लिखिए।

---

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**1.** "शिक्षण अधिगम हेतु दिया गया उद्दीपन मार्गदर्शन, दिशाबोध और प्रोत्साहन है।" **(1)**

(A) बर्टन (B) रायबर्न

(C) एण्डरसन (D) रेमण्ट

**2.** प्राचीन कालीन शिक्षण विधियाँ थी - **(1)**

(A) पाठ्य पुस्तक केन्द्रित (B) शिक्षक केन्द्रित

(C) बाल केन्द्रित (D) केन्द्रित

**3.** शिक्षण करते समय ध्यान रखना चाहिए - **(1)**

(A) पाठ्य - पुस्तकों का (B) समयावधि का

(C) बच्चों की रूचि व मानसिक स्तर का (D) परीक्षा का

**4.** शिक्षण को सुव्यवस्थित व प्रभावपूर्ण बनाने का माध्यम है **(1)**

(A) शिक्षण विधियाँ (B) गतिविधियाँ

(C) अभ्यास कार्य (D) प्रश्न

**5.** शिक्षण विधियाँ आधारित होती हैं - **(1)**

(A) बच्चों की संख्या पर (B) गतिविधियाँ पर

(C) शोध पर (D) शिक्षण - सूत्रों पर

**6.** किण्डरगार्टन शिक्षण पद्धति के जन्मदाता हैं - **(1)**

(A) फ्रोबेल (B) मनटेसरी

(C) हेलेन पार्कहस्ट (D) हरवर्ट

**7.** सम्प्रेषण की प्रक्रिया होती है **(1)**

(A) एकपक्षीय (B) द्विपक्षीय

(C) एकपक्षीय व द्विपक्षीय दोनों (D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**8.** निम्नलिखित में से उपयुक्त शिक्षण-सूत्र है **(1)**

(A) अज्ञात से ज्ञात की ओर (B) सूक्ष्म से स्थूल की ओर

(C) मूर्त से अमूर्त की ओर (D) अंश से पूर्ण की ओर

**9.** शिक्षण का सामान्य सिद्धान्त नहीं है **(1)**

(A) क्रियाशीलता का सिद्धान्त (B) रूचि का सिद्धान्त

(C) नियोजन का सिद्धान्त (D) परिणाम का सिद्धान्त

**10.** 'पूर्ण से अंश की ओर' शिक्षण-सूत्र आधारित है **(1)**

(A) शिक्षाशास्त्र (B) गेस्टॉल्ट मनोविज्ञान पर

(C) जीव विज्ञान पर (D) प्राणि विज्ञान पर

**11.** "छात्र की शिक्षा सर्वदा स्थूल वस्तुओं तथा तथ्यों से होनी चाहिए शब्दों, परिभाषाओं तथा नियमों से नहीं।" यह परिभाषा है **(1)**

(A) अरस्तु की (B) महात्मा गाँधी

(C) पेस्टालॉजी की (D) हरबर्ट स्पेन्सर की

**12.** प्रयोग प्रदर्शन विधि सर्वाधिक उपयोगी है - **(1)**

(A) विज्ञान शिक्षण में (B) भाषा शिक्षण में

(C) इतिहास शिक्षण में (D) नागरिक शास्त्र शिक्षण में

**13.** सूक्ष्म अवलोकन व निरीक्षण शक्ति के विकास में सहायक शिक्षण प्रविधि है - **(1)**

(A) व्याख्यान (B) प्रश्नोत्तर

(C) कहानी (D) पर्यटन

**14.** छात्रों के पूर्व ज्ञान की जानकारी लेने हेतु प्रयुक्त शिक्षण कौशल है **(1)**

(A) प्रस्तावना कौशल (B) पुनर्बलन कौशल

(C) श्यामपट्ट लेखन कौशल (D) उद्देश्य कथन कौशल

**15.** बच्चों में कल्पनाशक्ति का विकास किया जा सकता है- **(1)**

(A) प्रश्नोत्तर द्वारा (B) कहानी द्वारा

(C) व्याख्या द्वारा (D) समूह कार्य द्वारा

## अति लघु उत्तरीय प्रश्न

**16.** शिक्षण से क्या तात्पर्य है ? **(1)**

**17.** शिक्षण के कोई दो उद्देश्य लिखिए। **(1)**

**18.** शिक्षण में प्रेरणा के सिद्धान्त का क्या अभिप्राय है ? **(1)**

**19.** 'मूर्त से अमूर्त' शिक्षण-सूत्र से क्या आशय है ? **(1)**

**20.** सम्प्रेषण की कोई एक उपयुक्त परिभाषा लिखिए। **(1)**

**21.** सम्प्रेषण के दो प्रमुख प्रकारों का उल्लेख कीजिए। **(1)**

**22.** शिक्षण में प्रश्नोत्तर प्रविधि का क्या महत्व है ? **(1)**

**23.** व्याख्यान देते समय क्या सावधानी रखनी चाहिए ? **(1)**

**24.** विज्ञान शिक्षण में प्रयोग प्रदर्शन विधि का क्या महत्व है ? **(1)**

**25.** 'बाल केन्द्रित शिक्षण' का क्या अर्थ है ? **(1)**

**26.** निदानात्मक परीक्षण किसे कहते है ? **(1)**

**27.** बहुस्तरीय शिक्षण का क्या उद्देश्य है ? **(1)**

**28.** खेल पर आधारित किन्ही दो शिक्षण पद्धतियों का उल्लेख कीजिए। **(1)**

**29.** गणित शिक्षण में उपयोगी किन्ही दो टी.एल.एम. का नामोल्लेख करते हुए उनका उपयोग लिखिए। **(1)**

**30.** शिक्षण अधिगम सामग्री का क्या अभिप्राय है ? **(1)**

## लघु उत्तरीय प्रश्न

**31.** किन्हीं दो शिक्षण-सूत्रों का वर्णन करते हुए शिक्षण में उनका महत्व स्पष्ट कीजिए। **(2)**

**32.** सम्प्रेषण को प्रभावित करने वाले प्रमुख कारकों का उल्लेख कीजिए। **(2)**

**33.** शिक्षण में क्रियाशीलता के सिद्धान्त का क्या महत्व है? **(2)**

**34.** बाल-केन्द्रित व शिक्षक केन्द्रित शिक्षण में क्या अन्तर है ? **(2)**

**35.** बहुकक्षा शिक्षण की क्या उपयोगिता है ? स्पष्ट कीजिए **(2)**

**36.** पुनर्बलन कौशल का क्या अर्थ है ? शिक्षण में पुनर्बलन का क्या महत्व है ? **(2)**

**37.** गतिविधि आधारित शिक्षण की उपयोगिता व महत्व का उल्लेख कीजिए। **(2)**

**38.** अपेक्षित अधिगम स्तर की सम्प्राप्ति में अधिगम अनुभवों की क्या भूमिका है ? **(2)**

**39.** दूरदर्शन का शिक्षा में क्या महत्व है ? **(2)**

**40.** उत्तम शिक्षण अधिगम सामग्री की विशेषताओं का वर्णन कीजिए। **(2)**

---

**UPDELEDSTUDY.IN**

1. इस प्रश्न-पत्र का विस्तृत हल यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/pyqs/semester-1/shikshan-adhigam-ke-siddhant/2017

2. शिक्षण अधिगम के सिद्धान्त का MCQ टेस्ट यहाँ दें:
https://updeledstudy.in/mcq-tests/semester-1/shikshan-adhigam-ke-siddhant/

3. शिक्षण अधिगम के सिद्धान्त के नोट्स यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/study-materials/semester-1/shikshan-adhigam-ke-siddhant/

---

**हमसे जुड़ें**
Telegram: https://t.me/updeledstudyin
YouTube: https://youtube.com/@updeledstudyin

© UPDELEDSTUDY.IN